भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4006
दिनांक 25.03.2025 को उत्तरार्थ

पंचायती राज अनुसंधान संस्थान की स्थापना

4006. श्री हनुमान बेनीवाल

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में सर्वप्रथम राजस्थान के नागौर में पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई थी;

(ख) क्या सरकार का पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नागौर में राष्ट्रीय स्तर का पंचायती राज अनुसंधान/संस्थान स्थापित करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पंचायती राज राज्यमंत्री

(प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) पंचायती राज मंत्रालय में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पंचायती राज प्रणाली पहली बार राजस्थान राज्य में 2 अक्टूबर, 1959 को नागौर में लागू की गई थी।

(ख) जी नहीं, महोदय।

(ग) राष्ट्रीय स्तर पर, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (NIRD&PR), जो हैदराबाद में स्थित है, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। यह संस्थान ग्रामीण विकास और पंचायती राज के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक प्रमुख केंद्र है और इन क्षेत्रों में पहलों और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा, देश में ग्रामीण विकास संस्थान नेटवर्क को मजबूत करने के अधिदेश के भाग के रूप में, एनआईआरडीएंडपीआर, 28 राज्य ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थानों, जिनमें एक संस्थान राजस्थान के जयपुर में भी है, को मार्गदर्शन प्रदान करता है।

***